बरेली, सोमवार
15 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

Page No : 09 Middle

एसआर और विद्या भवन खेलेंगे फाइनल

स्थानीय खेलकूद

जासं, बरेली : इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला एसआर इंटरनेशनल और विद्या भवन स्कूल के बीच खेला जाएगा। रविवार को सेमीफाइनल मुकाबले में ये दोनों टीमें अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में पहुंच गई हैं।

एसआरएमएस में चल रहे टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल सेंट फ्रांसिस और एसआर इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट फ्रांसिस ने पीयूष पटेल के 26 रनों की मदद से नौ विकेट खोकर 98 रन का लक्ष्य रखा।

जवाब में एसआर इंटरनेशनल की टीम ने ओम अग्रवाल 33 और पीयूष 23 रनों के सहयोग से 18.4 ओवर में चार विकेट खोकर मैच जीत लिया। दूसरे मुकाबले में बल्लेबाजी करने उतरी मानस स्थली की टीम ने 20 ओवर में 92 रन बनाए। जवाब में विद्या भवन ने अमन चौहान 35 और गौरव के 38 रनों की नाबाद पारी के दम पर 16 ओवर में ही मैच जीत लिया। फाइनल मैच 16 को खेला जाएगा। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेता, उप-विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजन सचिव मनीष सिंह, संतोष कुमार खरे, ओपी कोहली, केएस बिष्ट, धर्मेंद्र शर्मा आदि रहे।